# कार्यालय : वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, हजारीबाग

वन भवन–1, हजारीबाग 825301 (झारखण्ड)

Ph. & Fax (O) - 06546 -222393. Cell No. : 8987790202 E-mail: cf-hazaribagh@gov.in


पत्रांक 1926 दिनांक :– 03/12/2024

सेवा में,

क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक,
हजारीबाग।

विषय :– **गोन्दलपुरा कोल खनन परियोजना हेतु 219.80 हे0 वनभूमि अपयोजन का प्रस्ताव (FP/JH/MIN/139492/2021) के संबंध में।**

प्रसंग :– **(क) प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, रांची का ज्ञापांक 291 दिनांक 27.03.2024**

**(ख) वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल का पत्रांक 5819 दिनांक 29.11.2024**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में सूचित करना है कि विषयक परियोजना में झारखण्ड सरकार, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के पत्रांक 1025 दिनांक 18.03.2024 द्वारा किये गये पृच्छा के आलोक में प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा ''प्रस्ताव के विरूद्ध चिन्हित CA land के लिए भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी दिशा–निर्देश की कंडिका–2.2(xii) के अनुरूप Present owner के willingness संबंधी Registered Agreement की प्रति परिवेश पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है। साथ ही प्रयोक्ता अभिकरण ने प्रतिवेदित किया है कि प्रस्ताव में क्षतिपूरक वनरोपण हेतु चयनित मौजा में से हुण्डी एवं तेतरडाण्ड (जिला–लोह रदगा) कुल रकवा 22.77 हे0 को रैयतो के बीच आम सहमति नहीं बन पाने के कारण हटाकर मौजा गिरी (जिला –पलामू) कुल रकवा 23.88 हे0 को सम्मिलित किया गया है एवं इससे संबंधित दस्तावेजों की प्रति को भी परिवेश पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है।

अतः वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल से प्राप्त पत्र की छायाप्रति अनुलग्नकों सहित इस पत्र के साथ संलग्न कर भेजते हुए अनुरोध है कि अपने स्तर से अग्रेत्तर कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

**अनुलग्नक–यथोक्त।**

आपका विश्वासी

3/12/2024

वन संरक्षक
प्रादेशिक अंचल, हजारीबाग

# कार्यालय – क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, हजारीबाग।
## वन भवन, हजारीबाग,
**Ph. No. 06546-223962, Email- rccf-hazaribagh@gov.in**


पत्रांक : दिनांक :

सेवा में,

प्रधान मुख्य वन संरक्षक,
–सह–
कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड,
झारखण्ड, रांची।

विषयः– **गोन्दलपुरा कोल खनन परियोजना हेतु 219.80 हे0 वनभूमि अपयोजन का प्रस्ताव (FP/JH/MIN/139492/2021) के संबंध में।**

प्रसंग :– भवदीय ज्ञापांक 291 दिनांक 27.03.2024

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में सादर सूचित करना है कि विषयक परियोजना गोन्दलपुरा कोल खनन परियोजना हेतु 219.80 हे0 वनभूमि अपयोजन का प्रस्ताव (FP/JH/MIN/139492/2021) में झारखण्ड सरकार वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का पत्र संख्या–वन भूमि–04/2024 – 1025 व0प0, रांची दिनांक 18.03.2024 द्वारा दो बिन्दुओं पर पृच्छा की गई है :–

(i) CWLW का मंतव्य।
(ii) प्रस्ताव के विरूद्ध चिन्हित CA Land के लिए भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी दिशा–निर्देश की कंडिका–2.2(xii) के अनुरूप Present owner के willingness संबंधी Registered Agreement की प्रति।

राज्य सरकार के उक्त पृच्छा के क्रम में आपके उपरोक्त पत्र द्वारा पृच्छित बिन्दु संख्या–(ii) का निराकरण प्रतिवेदन की मांग की गई है, जिसे प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा समर्पित प्रतिवेदन के आलोक में वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, हजारीबाग के पत्रांक 1926 दिनांक 03.12.2024 तथा वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल के पत्रांक 5819 दिनांक 29.11.2024 द्वारा इस कार्यालय को समर्पित किया गया है, जिसमें प्रतिवेदित किया गया है कि प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा प्रस्ताव में क्षतिपूरक वनरोपण हेतु चयनित गैर वनभूमि के मौजा हुण्डी एवं तेतरडाण्ड (जिला–लोहरदगा) का कुल रकवा 22.77 हे0 के लिए रैयतो के बीच आम सहमति नहीं बन पाने के कारण इसे हटाकर मौजा गिरी (जिला–पलामू) कुल रकवा 23.88 हे0 को सम्मिलित किया गया है एवं इस गैर वनभूमि से संबंधित दस्तावेजों की प्रति को भी परिवेश पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

अतः प्राप्त निराकरण प्रतिवेदन की छाया प्रति सभी अनुलग्नकों सहित इस पत्र के साथ संलग्न अग्रतर आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजी जा रही है।

आपका विश्वासी,

अनु0–यथोक्त।

ह0/–
क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक,
हजारीबाग।

ज्ञापांक : 2228 दिनांक : 20.12.2024

प्रतिलिपिः– वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, हजारीबाग/वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक,
हजारीबाग।

Gondalpura Coal Mining Project 219.0 ha.